**Student Name - . Roll No - 369965 Subject - ESSAY Total Score : 174.00**

| SrNo | 1) Q1 (100.00) | 2) Q2 (100.00) | 3) Q3 (100.00) | 4) Q4 (100.00) | 5) Q5 (100.00) | 6) Q6 (100.00) | 7) Q7 (100.00) | 8) Q8 (100.00) | 9) Q9 (100.00) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0.00 | 64.00 | 0.00 | 0.00 | 58.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |

| 10) Q10 (100.00) | 11) Q11 (100.00) | 12) Q12 (100.00) |
|---|---|---|
| 0.00 | 0.00 | 52.00 |

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

**परीक्षार्थी के लिए आवश्यक अनुदेश**

इन्हें सावधानी से पढ़ें और इनका अनुपालन करें, अन्यथा दंड के भागी होंगे।

1. इस उत्तर पुस्तिका में (40) क्रमांकित पृष्ठ हैं। इनका सत्यापन कर लें। त्रुटि/कमी होने पर उत्तर पुस्तिका बदलवा लें।
2. प्रवेश पत्र से मिलान कर, केवल इस आवरण पृष्ठ पर निहित स्थान पर अपना नाम एवं अनुक्रमांक (Enrollment Number) अंतर्राष्ट्रीय अंकों तथा अक्षरों में लिखें।
3. अनुक्रमांक के सभी 'अंक' अलग-अलग बॉक्स में लिखें। 'शब्दों में' प्रत्येक अंक ठीक उसके नीचे, उनके बॉक्स में, [ए O / क N / E] अक्षरशः लिखें।
4. उत्तर पुस्तिका के अंदर किसी पृष्ठ पर प्रश्नोत्तर के अलावा अपना नाम, अनुक्रमांक, अन्य कोई (धार्मिक) शब्द या पहचान चिह्न एवं परीक्षक को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी प्रार्थना/धमकी भरी बातें न लिखें, अन्यथा उत्तर पुस्तिका रद्द कर दी जाएगी।
5. प्रश्नों के उत्तर ठीक उसके नीचे दिए गए निर्धारित स्थान पर ही लिखें। निर्धारित स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान पर लिखे गए उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। परीक्षार्थी जिस प्रश्नोत्तर को लिखना चाहते हों, उसके सामने बने बॉक्स के अंदर Tick ☑ का निशान लगाएँ। उदाहरण—1.(a) ☐ or 1.(b) ☐
6. यदि आप किसी प्रश्नोत्तर को रद्द करना चाहें, तो आर-पार क्रॉस (×) कर काट दें और उस पर 'रद्द' लिखें।
7. उपस्थिति पत्र पर प्रत्येक परीक्षा के लिए वही हस्ताक्षर करें, जो उपस्थिति पत्र पर आपने पूर्व में किया है। अन्यथा, उत्तर पुस्तिका रद्द कर दी जाएगी।
8. प्रश्नों के उत्तर एक ही स्याही से लिखें। यदि स्याही बदलनी ही पड़े, तो इस आशय का वीक्षक (Invigilator) से आवरण पृष्ठ पर नियत स्थान पर ▣ अभिप्रमाणन अवश्य ही कराएँ।
9. उपस्थिति सूची में अपने नाम के समक्ष उत्तर पुस्तिका की संख्या अवश्य लिखें और हस्ताक्षर करें, अन्यथा उत्तर पुस्तिका रद्द कर दी जाएगी।
10. परीक्षा कक्ष में यदि कोई पुस्तक/उत्तर सामग्री आपसे बरामद होगी या नकल करते/कराते बात-चीत करते/दुर्व्यवहार करते पाए जाने की स्थिति में इस परीक्षा सहित आगामी पाँच वर्षों के लिए तथा परीक्षा से संबंधित भ्रामक एवं असत्यापित अफवाह फैलाने की स्थिति में तीन वर्षों के लिए आयोग की परीक्षाओं से वंचित किया जाएगा। साथ ही बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1985 के उपबंधों के अधीन भी दंडित किए जाएँगे।
11. कोई अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका नहीं दी जाएगी।
12. उत्तर पुस्तिका सौंपने के उपरांत ही परीक्षा कक्ष से बाहर निकलें।
13. केन्द्राधीक्षक के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

504

**EXAM.—20/FI/CC/M-2023-38**

विषय : निबंध

SUB : ESSAY

उत्तर का माध्यम : हिन्दी अंग्रेजी उर्दू

Answer Medium : Hindi English Urdu

● ○ ○

Subject Barcode :

तिथि/Date 06 | 01 | 2024

| प्रश्न संख्या Q. No. | प्राप्तांक/Marks Obtained (परीक्षक भरेंगे) |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

कुल (अंकों में)
TOTAL (in figures)

कुल (शब्दों में)
TOTAL (in words)

परीक्षक EXAMINER — प्रधान परीक्षक HEAD EXAMINER

विषय : निबंध

SUB : ESSAY

EXAM.—20/FI/CC/M-2023-38

23872325

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

[ Full Marks : 300

about 700 to 800 words : 100

शब्दों में एक निबंध लिखिए :

ing the mysteries of the

क है

al economy of the nation

क बना सकते है

and corruption

कारण है

nized human awareness

लॉजी के प्रति जागरूकता में

ें

ace

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

पर न लिखें

WRITE ON THIS PAGE

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

3

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

# ESSAY

*Time : 3 Hours* ] [ *Full Marks : 300*

## Section—I

## खण्ड—I

Write an essay on any **one** of the following topics in about *700* to *800* words : 100

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग *700* से *800* शब्दों में एक निबंध लिखिए :

✓ 64 Q2

1. ☐ Science and technology are helpful in understanding the mysteries of the universe

विज्ञान और प्रौद्योगिकी ब्रह्मांड के रहस्यों को जानने में सहायक है

2. ☑ Improving the agricultural system can support the rural economy of the nation

कृषि व्यवस्था में सुधार कर देश के ग्रामीण अर्थतंत्र को सशक्त बना सकते हैं

3. ☐ Black money economy is the main cause of crime and corruption

काले धन की अर्थव्यवस्था अपराध और भ्रष्टाचार का प्रमुख कारण है

4. ☐ The modern communication revolution has revolutionized human awareness of means of communication and technology

आधुनिक संचार क्रांति ने मानव के संचार के साधनों और टेक्नोलॉजी के प्रति जागरूकता में क्रांतिकारी रूप से वृद्धि की है

NA Q1

NA Q3

NA Q4

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें

Please Cross (×) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®

BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही कॉलम में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

कृषि व्यवस्था में सुधार कर देश के ग्रामीण अर्थतंत्र को सशक्त बना सकते है।

"भारत की आत्मा गाँवों में निवास करती है"। यह नेहरू जी का कथन औपनीवेशिक भारत से लेकर आज तक इतना ही प्रासंगिक बना हुआ है। भारत की भौगोलिक, पारिस्थितिक, सामाजिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी आयाम कृषि एवं कृषिजन्य अर्थव्यवस्था के अनुकूल है। और यह कृषि अर्थव्यवस्था ग्रामीण समाज का परिचायक है।

ग्रामीण अर्थतंत्र से तात्पर्य है कि जहाँ प्राथमिक क्रियाओं की प्रधानता हो। इन क्रियाओं में कृषि, मत्स्यन,

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (x) कर दें
Please Cross (x) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

खनन, मधुमक्खीपालन आदि आता है। भारत विश्व का सातवाँ बड़ा देश है और इसमें कृषि में संलग्न जनसंख्या का 58% भाग है। इससे यह स्पष्ट तौर पर जाहिर होता है कि भारत जैसे देश में कृषि अर्थव्यवस्था कितना महत्त्वपूर्ण है।

जब भारत में औपनीवेशिक ब्रिटिश सत्ता की स्थापना हुई थी तब उनका मुख्य उद्देश्य ही भारत का आर्थिक दोहन करना था। इसके लिए उन्होंने कृषि क्षेत्र में प्रशासनिक एवं भू-राजस्व बदलाव किये। स्थायी बंदोबस्त, महलवाड़ी एवं रैयतवाड़ी नीतियाँ लागू की। जिनका उद्देश्य केवल किसानों से अधिकतम राजस्व वसूलना

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

था। अन्य प्रयोगों में उन्होंने नील की खेती, चाय, कहवा, रबड़ जैसे बागानी खेती जबर्दस्ती किसानों से करवायी जिसका लाभ अंग्रेजों को हुआ एवं किसानों की हालत और बिगड़ती चली गयी। इन्हीं स्थितियों के परिणामस्वरूप किसान आंदोलन जैसे नील विद्रोह (1859-60), चंपारण विद्रोह (1917), खेड़ा विद्रोह (1918) एका विद्रोह (1921), बकाश्त आंदोलन (1938) आदि देखने को मिले।

भारतीय कृषि की हालात बिगड़ने एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था खराब होने का पूरा श्रेय ब्रिटिश शासन की साम्राज्यवादी नीति को जाता है इसी का परिणाम है कि भारत अपने आजादी के दिन भी आर्थिक रूप से पूरी तरह आजाद नहीं था।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएं। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay



प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick का निशान लगाएँ। Mark Tick in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

आजाद भारत के सामने अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने एवं जनसंख्या के लिए खाद्यान्न आपूर्ति की समस्या थी। इसी समस्या को देखते हुए भारत में पहले प्रधानमंत्री द्वारा पंचवर्षीय योजनाओं के तहत प्रथम योजना में कृषि अर्थव्यवस्था एवं ग्रामीण विकास पर जोर दिया गया।

कृषि क्षेत्र में खाद्यान्न आत्मनिर्भरता स्वामी विश्वनाथन के प्रयासों से 1966-67 के दौरान हरित क्रांति के प्रयोग से आई। जहाँ पहली बार उच्च गुणवत्ता बीजो, सिंचाई, भूमि सुधार, यंत्रीकरण आदि पर जोर दिया एवं धान एवं गेहूँ की उपज में आत्मनिर्भर हुए।

खाद्यान्न में आत्मनिर्भर तो हो गये किन्तु ग्रामीण अर्थव्यवस्था में

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने की सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएं। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

ज्यादा बदलाव नहीं दिखाई दिये। भारत की लगभग 70% जनसंख्या ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी है। जिसमें कृषि के सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी केवल 21% है जो अपने आप में चिंतनीय तस्वीर दर्शाता है।

कृषि के केवल एक पक्ष को मजबूत कर लेने से न तो कृषि में आत्मनिर्भरता आ पायेगी और न ही ग्रामीण अर्थतंत्र सुदृढ़ होगा।

ग्रामीण परिवेश में लगभग 90% जनसंख्या कृषि कार्यों में संलग्न है। उनकी आजिविका का स्रोत केवल प्राथमिक क्रियाएं है। और कृषि कार्य कई बातों पर निर्भर करता है।

कृषि के लिए भूमि, श्रम, सिंचाई, बीमा, प्रबंधन, फसल तैयार होने के बाद बाजार एवं

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

उपभोक्ता जैसी आवश्यकता की पूर्ति एवं उसका सही मूल्य मिलने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

वर्तमान में तीव्र शहरीकरण की प्रक्रिया के फलस्वरूप भूमि निम्नीकरण जमीन की कमि (जोतों का आकार) की समस्या दिखाई पड़ती है। इनके पास उन्नत बीजों, उर्वरकों का अभाव दिखाई पड़ता है।

सबसे बड़ी समस्या वर्तमान में जलवायु परिवर्तन के कारण हो रही मानसून पैटर्न की अनियमितता से है।

भारत की कृषि प्रणाली ~~कृषि~~ मानसून पर निर्भर है। और वर्ष 2022-23 के मानसून में देरी एवं कम वर्षा के कारण बड़ी मात्रा में खाद्यान्न उत्पादन कम हुआ।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay



प्रश्नों के सामने की सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

भारत में बड़े किसानों का भाग बहुत कम है। 85% किसान लघु एवं सीमान्त किसान है जो जीवन निर्वाह प्रकार की कृषि करते है। इस प्रकार की कृषि में केवल वे अपना जीवन का गुजारा कर पाते है, भविष्य एवं बच्चों का भविष्य उससे नही निर्वाह होता है।

किसानों की कड़ी मेहनत के बाद जब फसल तैयार हो जाता है तो उसके प्रबंधन एवं बाजार में सही कीमत न मिलने की समस्या का सामना करना पड़ता है।

भारत देश में कृषि की अर्थव्यवस्था को झुठलाया नही जा सकता है इसलिए इसमें शासन व्यवस्था में जितने भी सरकारों ने शासन किया है, उनका प्रमुख उद्देश्य कृषि एवं किसान एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का पुनरुद्धार ही रहा है।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

इसी संदर्भ में 73वाँ संविधान संशोधन कानून 1993 लाया गया जिसमें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को राजनैतिक शक्तियाँ देने के लिए विकेन्द्रीकरण किया। इससे काफी सकारात्मक परिणाम देखने को मिले।

किसानों को उनकी कृषि उपज का सही मूल्य मिले इसके लिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग के सुझाव से न्यूनतम समर्थन मूल्य की शुरुआत हुई। यह चुनिन्दा 22 फसलों की न्यूनतम खरीद मूल्य घोषित करती है ताकि किसानों के उपज की आय सुनिश्चित हो।

सरकार लगातार कृषि क्षेत्र में सुधार करती रहती है जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले इसी के संदर्भ में सड़कों का विकास, और कृषि कार्यों को प्रोत्साहन जिसमें

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay
Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick का निशान लगाएँ। Mark Tick in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

मत्स्यन, मधुमक्खीपालन, रेशमपालन खनन आदि शामिल है।

इन सब कोशिशों के बावजूद भी भारत के ग्रामीण अर्थतंत्र में इतना सुधार नहीं दिखलाई पड़ता है। क्योंकि वर्तमान समय के अनुसार ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं कृषि की मांग भी अलग हो चुकी है।

भारत में अब पारम्परिक कृषि क्रियाऐं सम्पन्न करने से सफल घेरलू उत्पाद में वृद्धि नहीं होगी। इसी महत्व को समझते हुए इसमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, संचार प्रौद्योगिकी नवाचार, उद्यमशीलता, कृषि आधारित उद्योगों का विकास करने के लिए सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

ग्रामीण अर्थतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में कृषि क्षेत्र में.



Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही खाने में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

बायोटेक का इस्तेमाल कर बीजों को सूखा दृढ़, बाढ़ रोधी, कीट रोधी, अधिक उपज देने वाला बनाया जा रहा है। इसमें बीटी कपास, बीटी बैंगन प्रमुख सफल फसल है।

कृषि क्षेत्र में संचार प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से किसानों को फसल उपचार सहायता, किसान कॉल सेंटर, बैंकिंग सेवा एवं ऋण सुविधा का विस्तार हो रहा है एवं कृषि के नये आयाम दिखाई दे रहे हैं।

कृषि उपज की बर्बादी रोकने एवं उनके उपज का अच्छा मूल्य मिले इसलिए बाजार तंत्र का सुदृढ़ीकरण, ई-नाम जैसे पहल शामिल है। कृषि आधारित उद्योगों में फूड पार्क योजना, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित किये जा रहे है। तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, बिहार में

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay



प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

इसकी सफलता से ग्रामीण अर्थतंत्र मजबूत हो रहा है।

किसानों के लिए पीएम किसान मान धन योजना, सिंचाई योजना, बीमा योजना आदि का क्रियान्वन ग्रामीण अर्थतंत्र को मजबूत करने की दिशा में हो रहा है।

वर्तमान में पारम्परिक कृषि में नये अविष्कार एवं नवाचार शामिल किये जा रहे हैं जिसमें हाइड्रोपोनिक्स कृषि, मशरूम खेती, जैविक खेती, ZBNF कृषि आदि शामिल हैं।

मोटे अनाज जो स्वास्थ्य एवं अर्थव्यवस्था दोनों के लिए लाभकारी है उनके लिए श्री अन्न योजना लायी गयी है। इसकी महत्ता को संयुक्त राष्ट्र ने समझते हुए "वर्ष 2023 को मोटे अनाज का वर्ष" घोषित किया है।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (x) कर दें
Please Cross (x) unused space

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएं। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

15

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था पूरी तरह से सुदृढ़ तब तक नही होगी जब तक कृषि में वह आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सक्षम न हो जाये। भारत अब अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है एवं वर्ष 2047 तक विकसित होने की दिशा में कृषि क्षेत्र एवं ग्रामीण अर्थतंत्र की महत्वकांक्षी भूमिका है।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

## Section—II
## खण्ड—II

Write an essay on any **one** of the following topics in about 700 to 800 words : 100

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 700 से 800 शब्दों में एक निबंध लिखिए :

5. ☑ Current status of women empowerment : In perspective of political empowerment

महिला सशक्तिकरण की वर्तमान स्थिति : राजनैतिक सशक्तिकरण के परिप्रेक्ष्य में

6. ☐ Need and importance of Yoga for spiritual progress and physical and mental development

NA Q6

आध्यात्मिक उन्नति तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए योग की आवश्यकता और महत्त्व

7. ☐ Advantages and disadvantages of the New Education Policy, 2023

NA Q7

नई शिक्षा नीति, 2023 के फायदे और नुकसान

8. ☐ Impact of climate change on Indian agriculture and prevention measures

NA Q8

भारतीय कृषि पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव तथा बचाव के उपाय

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

## महिला सशक्तिकरण की वर्तमान स्थिति: राजनैतिक सशक्तिकरण के परिप्रेक्ष्य में

"मैं किसी देश के विकास का आकलन इस बात से करूँगा कि वहाँ महिलाओं के सशक्तिकरण की क्या स्थिति है।"

यह प्रसिद्ध वाक्य भारत के महान विधिवेत्ता, राजनीतिज्ञ, दलित अधिकारवादी नेता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के है। इस वाक्य से इस बात की गंभीरता समझी जा सकती है कि महिलाओं के लिए सशक्तिकरण, आजादी समानता का क्या महत्व है। महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक सशक्तिकरण बिना राजनैतिक सशक्तिकरण के भी नहीं हो सकती है। ✓

राजनैतिक सशक्तिकरण का तात्पर्य

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (x) कर दें
Please Cross (x) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही खाने में Tick का निशान लगाएँ। Mark Tick in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

है कि समाज, देश, परिवार या संस्था में निर्णय लेने, भाग लेने, विचारों के अभिव्यक्ति की आजादी एवं अपने सर्वांगीण विकास का अवसर प्राप्त हो।

भारत देश में महिलाओं की राजनैतिक सशक्तिकरण की स्थिति को जानने से पहले महिलाओं की स्थिति जाननी आवश्यक है।

ऋग्वैदिक काल में भारत में महिलाओं का स्थान उच्च था। वे अपने विचारों की अभिव्यक्ति के लिए स्वतंत्र थी। सभा, समितियों, विदथ में राजा के समक्ष अपने फैसले रखती थी। उन्हें पढ़ने, लिखने, शासन संचालन का हक था। अपाला, घोषा, लोपामुद्रा इसके सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

समय बीतने के साथ एवं राजा एवं राजतन्त्र विस्तार की संकल्पना आयी और महिलाऐं हासिए हाशिये पर जाती रही। महाजनपदकाल एवं मौर्योत्तर काल में महिलाओं को राज्य विस्तार एवं शक्ति प्रदर्शन की वस्तु समझी जाने लगी। यह स्थिति मध्यकाल तक आते-आते और बद्तर हो गयी। बाह्य आक्रमणकारियों एवं मुस्लिम साम्राज्य स्थापना ने महिलाओं को पर्दा-प्रथा, दहेज प्रथा, सती प्रथा, बहुविवाह, उपभोग वस्तु का रूढ़ीवादी उपहार दिया। उस काल में महिलाओं में स्थिति में बहुत गिरावट आयी।

परन्तु फिर भी रजिया सुल्तान, अहिल्याबाई, चांद बीबी जैसी महिलाओं ने शासिका बन अपना राजनैतिक प्रभुत्व का लोहा मनवाया।



Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

औपनिवेशिक शासन के दौरान महिलाओं की स्थिति को सुधारने के लिए धार्मिक-सामाजिक सुधार आंदोलन 19वीं शताब्दी में चलाया गया। उसमें सती प्रथा, विधवा विवाह, बाल विवाह, शिक्षा आदि में सुधार के लिए राजा राममोहन राय, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, ज्योतिबा फुले एवं उनकी पत्नी सावित्री बाई फुले आदि का नाम प्रमुखता से आता है।

✓

स्वतंत्रता आंदोलन में गाँधीजी के साथ उनके आंदोलनों में महिलाओं ने बढ़-बढ़कर हिस्सा लिया। सरोजिनी नायडू, जो देश की पहली राज्यपाल बनी थी, ने स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान दिया।

✓

आजादी पश्चात की बात करें तो महिलाओं की राजनैतिक स्थिति में

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

बहुत धीमा परिवर्तन देखने को मिला। परन्तु यह परिवर्तन का दौर शुरू हो गया था।

संविधान निर्मात्री सभा में लगभग 300 प्रतिनिधियों में केवल 15 महिला प्रतिनिधि होना भारत के नये आज़ाद लोकतंत्र में महिला सशक्तिकरण की तस्वीर पेश कर रहा था।

चरमराती आर्थिक बदतर भारत के लिए आज़ादी पाकर उठना बड़ी बात थी। इसके लिए पंचवर्षीय योजनाओं में खाद्य आत्मनिर्भरता एवं औद्योगिक विकास के बाद जनसंख्या विकास एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया गया।

ऐतिहासिक कदम के रूप में संविधान में 73 वाँ एवं 74 वाँ संविधान संशोधन 1993 में करना महिलाओं के राजनैतिक सशक्तिकरण की दिशा में

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (x) कर दें
Please Cross (x) unused space

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएं। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

पहला औपचारिक कदम था। इसके तहत पंचायत एवं शहरी निकाय में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें का प्रावधान किया गया। इससे महिलाओं की राजनैतिक स्थिति में अमूल-चूल परिवर्तन आया।

ग्रामीण स्तर पर एवं शहरी स्तर पर महिलाओं का सरपंच, पंचायत समिति अध्यक्ष, जिला परिषद अध्यक्ष, मेयर जैसे पदों पर आसीन होना इनके राजनीतिक सशक्तिकरण का साक्षी बना। वे फैसले लेने, सभी के सामने अपनी बात रखने के लिए सक्षम बनी। पहले महिलाएं अपने वोट देने के अधिकार को गंभीरता से नहीं लेती थी क्योंकि पितृसत्तात्मक समाज में इनके वोट देने या न देने के महत्त्व को

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने की सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

अनदेखी किया जाता है। परन्तु वर्तमान में महिलाएं अपने वोट देने के अधिकार को गंभीरता से ले रही हैं। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों जिसमें राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ मिजोरम, तेलंगाना में उनका वोटिंग प्रतिशत लगभग 70 से 80% था जो एक सराहनीय उपलब्धि है।

महिलाओं के राजनैतिक सशक्तिकरण की दिशा में हाल ही में महान काम भारतीय संसद द्वारा उठाया गया। 106 वाँ संविधान संशोधन के रूप में महिलाओं को देश की लोकसभा एवं राज्य की विधानसभाओं में 1/3 आरक्षण का प्रावधान किया गया। ~~यह~~ इसकी माँग बहुत पहले से की जा रही थी जिसे अब पूर्ण कर दिया है।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें।
Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिये में अभ्यर्थी कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

हालांकि इसके क्रियान्वयन में देरी है क्योंकि 2026 से पहले परिसीमन एवं चुनावों के बाद ही महिलाओं को यह हक मिलेगा।

वर्तमान में लोकसभा एवं राज्यसभा में केवल 7 से 10% महिला प्रतिनिधि है जो महिलाओं की वर्तमान राजनैतिक सशक्तिकरण की तस्वीर पेश करती है।

महिलाओं के सशक्तिकरण से घर, परिवार, देश एवं विश्व समुदाय का उत्थान सुनिश्चित होता है। और राजनैतिक उत्थान से वे निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करेंगी। उनका शिक्षा, व्यवसाय, रोजगार, अर्थतंत्र आदि में पुरुष प्रतिनिधियों की भांति अपना मत प्रस्तुत कर पाएंगी।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

आज रवांडा, युगांडा, यूएसए, चीन, जर्मनी जैसे देशों में महिलाओं की राजनैतिक स्थिति सकारात्मक है और यह उनके नीति निर्माण में भी परिलक्षित होता है।

भारत देश में राजनैतिक सशक्तिकरण में महिलाओं का उत्थान सुनिश्चित हो इसलिए जेंडर बजट जैसी अवधारणा को शामिल किया है। अच्छे स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल, रोजगार उपलब्ध हो इसके लिए कई योजनाएँ संचालित की जा रही हैं।

भारत तब तक विकसित नहीं होगा जब तक महिलाओं का राजनैतिक सशक्तिकरण सुनिश्चित न हो और इसके लिए आवश्यक सुधार एवं नीति निर्माण हो रहा है। आवश्यकता है उनके सफल क्रियान्वयन एवं

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

महिलाओं के सहयोग की आवश्यकता है।

मलाला युसुफजई ने कहा है—

इस सृष्टि में ईश्वर ने महिला एवं पुरुष दो रचनाऐं बनाई एवं नये जीवन की रचना का अधिकार केवल महिलाओं को दिया। जो यह दर्शाता है कि महिलाएँ कितनी मजबूत हैं।

10 Q5
10 Q5
10 Q5
10 Q5
10 Q5
8 Q5

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (x) कर दें
Please Cross (x) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick in the appropriate box in front of Question

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidates should not write in this margin

NA Q9
NA Q10
NA Q11

## Section—III

## खण्ड—III

Write an essay on any **one** of the following topics in about *700* to *800* words : 100

निम्नांकित विषयों में से किसी एक पर लगभग *700* से *800* शब्दों में एक निबंध लिखिए :

9. ☐ Bin samaj ke boli ho sakela ka, bin boli (Bhasha) samaj ho sakela ka!
बिन समाज के बोली हो सकेला का, बिन बोली (भाषा) समाज हो सकेला का!

10. ☐ Dhobiyak kukur nen ghar ke ne ghat ke
धोबियक कुकुर नें घर के ने घाट के

11. ☐ Agu nath nai pachhu pagaha, bina chhan ke kude gadha
अगु नाथ नै पाछु पगहा, बिना छान के कूदे गधा

12. ☑ Aner dhuner ke Ram rakhavar
अनेर धुनेर के राम रखवार

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick का निशान लगाएं। Mark Tick in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

# अनेर धुनेर के राम रखवार

महाभारत कथा एवं कुरुक्षेत्र युद्ध के महान नायक कुन्ती पुत्र कर्ण जब अपनी बिन ब्याही माँ की कोख से जनम लिये थे तब उनकी माँ को समाज की चिंता एवं माता-पिता की इज्जत के डर से उन्हे शिशु रूप में गंगा में बहा दिया। और वही शिशु जब बहकर आगे गया तो एक निम्न जाति का सूत व्यवसायी ने उसे उठा लिया। अपने पुत्र की भांति उसका लालन-पोषण एवं योग्य बनाया। आगे चलकर वह हस्तिनापुर के राजा दुर्योधन का मित्र एवं कुरुक्षेत्र युद्ध में अर्जुन को टक्कर दी।



Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

इस कहानी से यही समझ आता है कि जिसका रखवाला कोई नहीं होता है, उसका ऊपरवाला रखवाला होता है।

'अनेर धुनेर के राम रखवार' बिहारी कहावत का तात्पर्य है कि असहाय का ऊपरवाला रखवाला अर्थात् संरक्षक होता है। जीवन में जब लगता है कि किसी चीज का अंत हो रहा है तो उसी समय एक नयी चीज की शुरुआत हो रही होती है। वृक्ष से जब फल टूटकर नीचे गिरता है तो उसका जीवन समाप्त हो जाता है फिर वही फल से निकले बीज से नये पौधे के रूप में जीवन प्रारम्भ होता है।

इसी संदर्भ में कहा है- 'जाके राखो साइयाँ मार सके न कोई'।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

उस कहावत के व्यक्ति के जीवन में सर्वाधिक महत्व है। उसे जब अपने जीवन में निराशा दिखाई देती है तब उसे हिम्मत न हारकर उसके समाधान के बारे में सोचना चाहिए। क्योंकि डूबते को तिनके का सहारा भी बहुत बड़ी बात होती है और हारते जंग में भी जीता जा सकता है।

जीवन जब प्रारम्भ हुआ था तब केवल धरती एवं पेड़-पौधे विद्यमान थे और आज जब हम चारों तरफ नजर दौड़ाते हैं तो केवल प्रगति एवं विकास नजर आता है। मानव ने तब से लेकर आज तक जो सफलता हासिल की है, उसका कारण केवल स्वयं पर विश्वास, हौसला एवं उपरी शक्ति पर दृढ़ निश्चय का ही परिणाम है।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

परतंत्र भारत जब औपनिवेशिक साम्राज्यवादी पड़ताड़ना झेल रहा था तब ब्रिटिश साम्राज्यवादी भारतीयों की दुर्दशा पर हँसते थे, गुलामी एवं भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का उपहास बनाते थे। परन्तु भारत के लोगों ने हिम्मत नहीं हारी। महात्मा गाँधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, लाला लाजपत राय जैसे महान क्रांतिकारियों एवं नेतृत्व के फलस्वरूप आजादी का स्वाद चखा।

1947 में जब भारत आजाद हुआ तो यह टुकड़ों पर बिखरा हुआ, गरीबी, भुखमरी, कमजोर अर्थव्यवस्था से कराह रहा था। पूरी दुनियाँ भारत के लिए उपहास बना रही थी। तब जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल जैसे राजनैतिक नेतृत्व में भारत का एकीकरण, खाद्यान्न आत्मनिर्भर एवं औद्योगिक विकास को मूर्त रूप दिया।



Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही खाना में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

वर्तमान परिदृश्य में देखे तो रूस-यूक्रेन युद्ध असहाय की सहायता को ही दर्शाता है। रूस जैसे विशाल देश के सामने यूक्रेन पिछले एक साल से डटकर मुकाबला कर रहा है एवं हार नही मानी है। इसी प्रकार जब पूरा यूरोप एवं अमेरिका में 20वीं शताब्दी में यहूदियों के खिलाफ नरसंहार हो रहा था तब वे आपस में एकजुट हुए और मध्य पूर्व में इस्लामी देशों के बीच इजराइल जैसे राष्ट्र की स्थापना कर अपनी वैश्विक पहचान सुनिश्चित किया।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जब विश्व अमेरिका एवं सोवियत संघ जैसे दो ध्रुवों में बँट गया तब भारत

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

ने किसी भी गुट का समर्थन न करते हुए तटस्थ रहकर गुटनिरपेक्षता की नीति अपनाई जिसकी प्रशंसा विश्व आज तक करता आया है।

1990 के दशक में भारत में जब आर्थिक संकट आया तब बिना घबराते हुए वैश्वीकरण, निजीकरण उदारीकरण की दिशा में आगे बढ़े और आज विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में सामने है।

वैश्विक परिदृश्य में देखें तो विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों पर हमेशा से दबाव बनाने की तथा अधिकतम लाभ कमाने की प्रवृत्ति रही है। इसी का परिणाम वियतनाम युद्ध अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना प्रभुत्व, चीन का BRI के माध्यम से ऋण जाल में फँसाकर छोटे राष्ट्रों का शोषण

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

आदि घटनाएं देखने को मिली है। इस प्रकार की घटनाओं पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा निगरानी रखी जाती है। महासभा सुरक्षा परिषद, WTO, WHO जैसी संस्थाओं द्वारा वैश्विक व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने पर ध्यान केंद्रित किया जाता रहा है।

व्यवस्थाऐं हमेशा से निरंतर रूप से गतिशील रहती है, उसमें कभी कभी व्यवधान आ जाता है पर इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि वह समाप्त हो गया है। आज भारत के राज्य बिहार को ही देखे तो पाते है कि आजादी के समय यह 5 वी बड़ी अर्थव्यवस्था थी। परन्तु वर्ष 2000 में झारखंड से अलग होने के बाद आंतरिक खामियों एवं राजनीतिक इच्छा-शक्ति के अभाव में कृषि एवं औद्योगिक

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही कॉलम में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

35

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

क्षेत्र में पिछड़ता चला गया। परन्तु बाद में स्थिति में सुधार के लिए प्रयास किये गये। कृषि के क्षेत्र में कृषि रोड मैप लाये जिसके फलस्वरूप बिहार 5 कृषि कर्मण अवॉर्ड जीता जो इसकी अनेर घोर के राम रुपचार की स्थिति को चरितार्थ करता है।

वर्तमान में बिहार में औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन नीति, 75% आरक्षण प्रावधान, महिलाओं के उत्थान के लिए जेंडर बजट एवं आरक्षण व्यवस्था आदि प्रयास किये जा रहे हैं जिसके परिणामस्वरूप बिहार की आर्थिक वृद्धि दर 10.98% है जो देश में चौथे स्थान पर है।

व्यक्ति, देश, राष्ट्र, विश्व में यह बात हर जगह लागू होती है कि बीच मंझधार में चीजें रह

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

जाने से उसका अंत नहीं होता है, बल्कि वहाँ से भी आशा की एक नयी किरण दिखाई दे सकती है, इसके लिए विचारों, कर्तव्यों को सकारात्मक एवं आशावादी बनाने की जरूरत है।

आ दिव्यांगों को ही पहले बेसहारा एवं बोझ समझा जाता था परन्तु उनके कौशल, शिक्षा विकास से आज वे ऑलम्पिक, राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का परचम लहरा रही है। शम्स आलम, भाविना पटेल आदि महान दिव्यांग खिलाड़ी है जो वैश्विक पटल पर अपनी पहचान बना चुके हैं।

फर्क नहीं पड़ता है कि हम कहाँ से उठे हैं, फर्क केवल यही

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (x) कर दें
Please Cross (x) unused space

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidates should not write in this margin

पड़ता है कि स्थिति को बदलने परिस्थितियों में सुधार लाने के लिए व्यक्ति, समाज, देश, राष्ट्र के द्वारा कितना प्रयास किया गया। अगर थोड़ी सी भी कोशिश की जाती है तो परिणाम सकारात्मक जरूर प्राप्त होता है। इसलिए बिना नकारात्मक हुए मेहनत, लगन एवं निष्ठावान होकर कर्म करते रहना चाहिए क्योंकि–

" होइहि वही जो राम रचिराखा "

✓ 52 Q12

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगाएँ। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिए में उम्मीदवार कुछ न लिखें। Candidates should not write in this margin

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें
Please Cross (×) unused space

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान

अनेक चुनौती के साथ रखवाला

अर्थ- मतलब ना रखवाली साथ अरखवाला करता है।

→ कहानी

- कर्ण की कहानी

- गुलाम भारत
- इजराइल स्थापना
- रूस- यूक्रेन में दखल (कमजोर)

भारत के पड़ोसी पाक एवं चीन का उदय

बिहार की आर्थिक स्थिति
गरीबी, कृषि, औद्योगिक पलायन
→ धीरे धीरे स्थिति सुधार
→ कृषि रोड मैप
→ निश्चय योजना
शिक्षा का विकास

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान

कृषि अर्थव्यवस्था सुधार ग्रामीण अर्थतंत्र

महत्त्व - पंचायती राज

भारत में निर्धनता
→ औपनिवेशिक काल में
समस्या
→ आजादी स्थिति पंचवर्षीय योजना
नेहरू मॉडल - प्रथम पंचवर्षीय

ग्रामीण अर्थव्यवस्था

समस्याएं
→ निवेश
ऊर्जा
वित्त
खाद्यान्न
खाद्यान्न प्रबंधन

→ बिहार - कृषि ऊर्जा अर्थव्यवस्था
कृषि रोड मैप (I-IV)

वर्तमान योजना
- श्री अन्न (मोटा अनाज)
- गोवर्धन
- किसान सम्मान निधि योजना 6000
- सिंचाई योजना
- फसल बीमा योजना

विश्व में खाद्य संकट

MSP

जिनका प्रौद्योगिकी का कृषि में प्रयोग

नारी / राजनैतिक

नारीवाद - सत्ता / लैंगिक - राजनीतिक भागीदारी के भाग
→ प्राचीन काल - गिरावट
मध्यकाल - आक्रमण - स्त्री शक्ति में गिरावट - रजिया सुल्तान अहिल्याबाई
आदिकाल से लड़ी (ex —)
• औपनिवेशिक काल - नारी का आज़ादी का संघर्ष
(- वैदिक परिदृश्य महिलाओं का उल्लेख था)

• आज़ाद भारत - मतदान अधिकार
- 73वां, 74वां - 1/3 आरक्षण
शिक्षा में आरक्षण, कार्य, विधानसभा, पंचायत
• बिहार -
→ वर्तमान में 106वां - 1/3 लोकसभा विधानसभा

★★★

24DK—00

Savitri Sharma, Rank 208 (69th BPSC) Essay

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com